# कक्षा - II

# विषय - हिन्दी व्याकरण

## पाठ -2

## वर्ण एवं मात्राएँ

जब हम बोलते हैं तो हमारे मुख से जो ध्वनि निकलती है, वर्ण कहलाती है |

**परिभाषा** - वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े न हो, वर्ण कहलाते हैं |

वर्ण के दो भेद होते हैं -

1) स्वर - जो वर्ण बिना किसी सहायता के बोले जाते हैं, स्वर कहलाते हैं |

स्वर ग्यारह होते हैं - अ , आ , इ , ई , उ , ऊ , ऋ , ए ,ऐ , ओ , औ |

2) व्यंजन - जो वर्ण स्वर की सहायता से बोले जाते हैं, व्यंजन कहलाते हैं |

❖ व्यंजन तैंतीस होते हैं -

- क वर्ग - क ख ग घ ड.
- च वर्ग - च छ ज झ
- ट वर्ग - ट ठ ड ढ
- त वर्ग - त थ द ध न
- प वर्ग - प फ ब भ म
- अंतस्थ - य र ल व
- ऊष्म - श ष स ह

❖ सयुंक्त व्यंजन - दो व्यंजनों के योग से बने व्यंजन सयुंक्त व्यंजन कहलाते हैं -

- क् + ष = क्ष
- त् + र = त्र
- ज् + ञ = ज्ञ
- श् + र = श्र

अनुस्वार - अं

विसर्ग - अः

अनुनासिक चिह्न - चन्द्रबिन्दु

मात्रा - व्यंजन के साथ स्वर मिलाते समय जो चिह्न जोड़ा जाता है , उसे मात्रा कहते हैं |

उदाहरण -1) क् + अ + ल् + अ + म् + अ = कलम

2) क् + इ + त् + आ + ब् + अ = किताब

3) ब् + उ + आ = बुआ

# अभ्यास कार्य

**प्रश्न - 1 सही कथन के आगे ( ✓ ) तथा गलत के आगे ( × ) का चिहन लगाइए -**

(1) हिन्दी भाषा में ग्यारह स्वर होते हैं | ( ✓ )

(2) 'य' अंतस्थ व्यंजन है | ( ✓ )

(3) 'अ' की मात्रा होती है | ( × )

(4) हिन्दी भाषा में तैंतीस व्यंजन होते हैं | ( ✓ )

**प्रश्न - 2 रिक्त स्थान भरिए -**

(1) हिन्दी भाषा में तैंतीस व्यंजन होते हैं |

(2) अं अनुस्वार कहलाता है |

(3) दो व्यंजनों के योग से संयुक्त व्यंजन बनते हैं |

(4) अ स्वर सभी व्यंजनों में मिला रहता है |

**प्रश्न - 3 सही मिलान कीजिए -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ग्यारह | - | य | (3) |
| 2. तैंतीस | - | श | (4) |
| 3. अंतस्थ व्यंजन | - | व्यंजन | (2) |
| 4. ऊष्म व्यंजन | - | अं | (5) |
| 5. अनुस्वार | - | स्वर | (1) |
| 6. विसर्ग | - | श्र | (7) |
| 7. संयुक्त | - | अः | (6) |

**प्रश्न - 4 प्रश्नोंत्तर -**

(1) वर्ण से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर- वह छोटी से छोटी ध्वनि ,जिसके टुकड़े न हो, वर्ण कहलाते हैं |

(2) स्वर किसे कहते हैं ?

उत्तर- जो वर्ण बिना किसी सहायता के बोले जाते हैं, स्वर कहलाते हैं |

(3) ऊष्म व्यंजन कौन - कौनसे हैं ?

उत्तर - श ,ष ,स ,ह |

# गृहकार्य

**प्रश्न - 1 निम्नलिखित शब्दों के वर्ण और मात्राएँ अलग - अलग कीजिए -**

1. मोहन = म् + ओ + ह् + अ + न् + अ
2. शेर = श् + ए + र् + अ
3. गमला = ____________________
4. मदारी = ____________________
5. खिलौना = ____________________
6. बगीचा = ____________________